Ans. (d) : राजस्थान के गंगानगर जिले में अमेरिकन कपास का उत्पादन होता है। गंगानगर के साथ बॉसवाड़ा, हनुमानगढ़ में भी अमेरिकन कपास का उत्पादन होता है कॉटन डेवलपमेंट एंड रिसर्च एसोसिएशन, जो भारतीय कपड़ा उद्योग परिसंघ (CITI) की कपास विस्तार गतिविधियों को देखता है।

1369. राजस्थान में राजस्व मण्डल की स्थापना कब हुई?

(a) 1949 (b) 1959
(c) 1969 (d) 1979

RPSC Kanishta Abhiyanta (Y.V.) 20-05-2022, Shift-II

Ans. (a) : संयुक्त राजस्थान राज्य के निर्माण के पश्चात महामहिम राजप्रमुख ने 7अप्रैल 1949 को अध्यादेश उद्घोषणा द्वारा राजस्थान के राजस्व मण्डल की स्थापना की यह अध्यादेश 1 नवंबर 1949 को प्रवर्तित हुआ था। राजस्व बोर्ड राजस्व न्यायालयों के अन्तर्गत आता है।

1370. कृषि वर्ष (2014-15) के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यानों का उत्पादन हुआ

(a) 196.22 लाख टन (b) 296.22 लाख टन
(c) 156.22 लाख टन (d) 182.00 लाख टन

RPSC-2017

Ans. (a) : कृषि वर्ष (2014-15) के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यानों का उत्पादन 196.22 लाख टन रहा। आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार वर्ष 2022-23 में खाद्यान्न का कुल उत्पादन 253.99 लाख मीट्रिक टन होने का अनुमान है जो गत वर्ष के 231.52 लाख मीट्रिक टन उत्पादन की तुलना में 9.71 प्रतिशत अधिक है।

1371. राजस्थान में वर्ष 2016-17 में अनाज का उत्पादन था-

(a) 183 लाख टन (b) 231 लाख टन
(c) 196 लाख टन (d) 210 लाख टन

RPSC-2018

Ans. (b) : राजस्थान में वर्ष 2016-17 में अनाज का उत्पादन 231.40 लाख टन था। जो वर्ष 2015-16 अनाज के उत्पादन से लगभग 50 लाख टन अधिक था। वर्ष 2021-22 में अनाज उत्पादन 231.52 लाख मीट्रिक टन रहा है।

1372. टमाटर के आधार बीज के उत्पादन के लिए आवश्यक अलगाव दूरी है–

(a) 100 मीटर (b) 200 मीटर
(c) 300 मीटर (d) 500 मीटर

RPSC ARO/AARO-2022 G.K. & Horticulture

Ans. (b) : टमाटर के बीज उत्पादन के लिए किस्मों को आधार बीज के लिए न्यूनतम दूरी 25 मीटर आवश्यक होती है। संकर आधार बीज के लिए न्यूनतम 200 मीटर एवं प्रमाणित संकर बीज के लिए न्यूनतम 100 मीटर अलगाव दूरी होनी चाहिए।

1373. राजस्थान में दो प्रमुख कपास उत्पादक जिले हैं

(a) अलवर एवं भरतपुर (b) कोटा एवं बारां
(c) जयपुर एवं दौसा (d) गंगानगर एवं हनुमानगढ़

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (d) : गंगानगर एवं हनुमानगढ़ राजस्थान में दो प्रमुख कपास उत्पादक जिले हैं। ये दोनों जिले राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी सिंचित मैदानी क्षेत्रों में स्थित है। 2021-22 में राजस्थान में कुल कपास उत्पादन 24.82 लाख गांठे रहा है।

1374. भारत को 15 कृषि पारिस्थितिकी क्षेत्रों में बाँटा गया है, इनमें से राजस्थान का अधिकांश भाग किस क्षेत्र में है?

(a) 09 (b) 3
(c) 14 (d) 15

RPSC OAA-2018 Ag. Deptt (Part-1) 17-10-2022

Ans. (c) : राजस्थान का अधिकांश भाग पश्चिमी शुष्क क्षेत्र जोन-14 में शामिल है। इसमें अरावली का पश्चिमी राजस्थान क्षेत्र शामिल है। पश्चिमी पठार और पठाड़ी क्षेत्र जोन-9 में राजस्थान के मालवा पठार का दक्षिणी भाग शामिल है। जोन-13 में गुजरात के मैदान और पहाड़ी क्षेत्र आते हैं। जोन-15 में द्वीप समूह क्षेत्र आते हैं।

1375. गंगानगर–अगेती .... की फसल है।

(a) गेहूँ (b) कपास
(c) किन्नु (d) चावल

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (b) : गंगानगर-अगेती अमेरिकी कपास की फसल है। अखिल भारतीय समन्वित कपास सुधार परियोजना केन्द्र की स्थापना 1967 में श्रीगंगानगर में की गई थी। इस केंद्र द्वारा जल्दी पकने वाली कपास किस्मों (गंगानगर-अगेती और बीकानेरी-नरमा) के विकास से उत्तरी राजस्थान में कपास फसल को सफलतापूर्वक उगाना संभव हुआ।

1376. निम्नलिखित में कौन सी एक खरीफ की फसल नहीं है?

(a) गेहूँ (b) चावल
(c) ज्वार (d) मक्का

वनपाल भर्ती परीक्षा-2020 date 06.11.2020 Shift-I

Ans. (a) : गेहूँ खरीफ की फसल नहीं है। गेहूँ रबी की प्रमुख फसल है। खरीफ की फसल मुख्यतः उन फसलों को कहते हैं, जिन्हें जून-जुलाई में बोते हैं और अक्टूबर के आस-पास काटते हैं। इन फसलों को बोते समय अधिक तापमान एवं आर्द्रता की आवश्यकता पड़ती है। धान, मक्का, ज्वार, मूंग, उड़द खरीफ की मुख्य फसलें हैं।

1377. निम्नलिखित में से जिलों का कौन सा युग्म कत्था (बबूल कत्था) का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है?

(a) भरतपुर – अलवर (b) उदयपुर – चित्तौड़गढ़
(c) बांसवाड़ा – बारां (d) चूरू – बीकानेर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II

Ans. (b) : राजस्थान में उदयपुर तथा चित्तौड़गढ़ जिले कत्था का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र हैं। वनों की उपज पर आधारित यह उद्योग राज्य की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करता है। कत्था राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में खैर के पेड़ से तैयार किया जाता है। कथौड़ी नामक जनजाति कत्था उत्पादन से संबंधित है।

1378. राजस्थान की 20वीं पशुगणना के अनुसार, सर्वाधिक पशुधन किस जिले में है?

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) बाड़मेर (d) नागौर

RPSC Van Rakshat Exam 13.11.2020 Shift-II